<u>समाचार</u>

# राजस्व मंत्री मानिकपुर में करेंगे उद्यान का लोकार्पण

कोरबा 03 जुलाई 2021 – राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री श्री जयसिंह अग्रवाल 04 जुलाई को दोपहर 12 बजे नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 30 अंतर्गत मानिकपुर में नवनिर्मित गार्डन का लोकार्पण मुख्य अतिथि के रूप में करेंगे। इस अवसर पर महापौर श्री राजजकिशोर प्रसाद कार्यक्रम की अध्यक्षता करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में सभापति श्री श्यामसुंदर सोनी, मेयर इन काउंसिल के सदस्यगण पार्षद व एल्डरमेनगण अपनी उपस्थिति प्रदान करेंगे।